# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-06.04.2025**

थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुन्ना में मारपीट कर व्यक्ति की हत्या करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-

ज्ञात हो कि दिनांक 24.02.2025 को थाना कांधला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुन्ना में वादी साजिद अली पुत्र दीनू उर्फ दीन मौहम्मद निवासी ग्राम सुन्ना थाना कांधला जनपद शामली के भाई अफशरुन की ग्राम सुन्ना निवासी अभियुक्तगण आशु, जावेद, ताजुदीन आदि नें मारपीट कर हत्या कर दी गयी थी। थाना कांधला पुलिस द्वारा मृतक के शव की पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। मृतक के भाई साजिद उपरोक्त तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 06.04.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/हत्या में लिप्त अपरधियों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुन्ना में मारपीट कर व्यक्ति की हत्या करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को कांधला रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में संलिप्त अभियुक्त आशु पुत्र लतीफ व जावेद पुत्र नूरहसन को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.ताजुद्दीन पुत्र इसबू उर्फ इसबुद्दीन निवासी ग्राम सुन्ना थाना कांधला जनपद शामली।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री अजीत सिंह थाना कांधला जनपद शामली।

3.है0का0 अरविन्द कुमार थाना कांधला जनपद शामली।

4.का0 सूर्यप्रताप थाना कांधला जनपद शामली।




थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा चावल के कट्टे की चोरी की घटना में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 1500 रुपये की नगदी बरामद।

ज्ञात हो दिनाँक 05.03.2025 को वादी देवेन्द्र कुमार पुत्र भूल्लन सिंह निवासी मौहल्ला धर्मपुरा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ने अपने गोदाम से चावल के कट्टे चोरी होने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी। घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली ने उपरोक्त चोरी की घटना का यथाशीघ्र अनावरण हेतु थानाध्यक्ष कोतवाली शामली को निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 06.04.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा चावल के कट्टे की चोरी की घटना में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। चोरी की घटना मे संलिप्त अभियुक्तगण राहुल पुत्र श्रीचन्द्र व रवि पुत्र रामवीर को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1.अजय उर्फ बच्ची पुत्र कृष्णपाल निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-


1.चोरी किये गये चावल के कट्टे बेचकर प्राप्त धनराशि में से शेष 1500 रुपये नगदी बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 मौहम्मद युसुफ थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.का0 धीरज कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

3.हो0गा0 कल्लूराम थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।



थाना गढीपुख्ता/बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 06.04.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना गढीपुख्ता/बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थानो पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1.सुभाष पुत्र इमल निवासी ग्राम दुल्लाखेडी थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली।

2.राजीव कुमार पुत्र सतपाल सिंह निवासी ग्राम अलीपुर कला थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर।




थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 154 ग्राम चरस बरामद।

आज दिनांक 06.04.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 154 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.लोह सिंह पुत्र भारत सिंह निवासी ग्राम मतनावली थाना कांधला जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 154 ग्राम चरस।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री अजीत सिंह थाना कांधला जनपद शामली।

2.है0का0 नरेश कुमार थाना कांधला जनपद शामली।

3.है0का0 अरविन्द कुमार थाना कांधला जनपद शामली।

4.का0 सूर्यप्रताप थाना कांधला जनपद शामली।




थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला छडियान में महिला कर्मी के साथ मारपीट, गाली गलौज करने व जाति सूचक शब्द बोलने के मामले में 02 अभियुक्ता गिरफ्तारः-

ज्ञात हो कि दिनांक 05.04.2025 को वादिया श्रीमती सन्तोष पत्नी जयप्रकाश निवासी मौहल्ला दरबारखुर्द कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली के साथ मौहल्ला छडियान में साफ सफाई का कार्य करने के दौरान प्रवेज, मौ0 हसन, नईम, खतीजा व इरफाना द्वारा मारपीट, गाली-गलौज व जाति सूचक शब्द बोलने के सम्बन्ध में थाना कैराना लिखित तहरीर दी गई । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली ने उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक कैराना को निर्देशित किया गया था।

आज दिनांक 06.04.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला छडियान में महिला कर्मी के साथ मारपीट, गाली गलौज करने व जाति सूचक शब्द बोलने के मामले में 02 अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के संबंध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्ता-

1.खतीजा उर्फ लल्ली पत्नी नईम निवासी मौहल्ला छडियान थाना कैराना जनपद शामली।

2.इरफाना पत्नी प्रवेज निवासी मौहल्ला छडियान थाना कैराना जनपद शामली।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री अशोक कुमार थाना कैराना जनपद शामली।

2.है0का0 यतेन्द्र थाना कैराना जनपद शामली।

3.म0का0 स्वाति थाना कैराना जनपद शामली।

4.म0का0 मनीषा थाना कैराना जनपद शामली।


Shot on OnePlus
Powered by Triple Camera